प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए झारखंड में तीन सीटों चतरा, कोडरमा और हजारीबाग संसदीय सीट पर नामांकन शुरु, चतरा से दो और कोडरमा से एक प्रत्याशी ने किया नामांकन।
2. झारखंड में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में चार सीटों पर होनेवाले चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की हुई जांच, पैंसठ में से सैंतालीस पर्चे पाये गये वैध।
3. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी की कार्रवाई और अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दाखिल एसएलपी सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध, 29 अप्रैल को होगी सुनवाई।
4. रांची में वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी समेत तीन गिरफ्तार, करीब 44 किलो गांजा के साथ दो महिला समेत चार तस्कर पुलिस गिरफ्त में।

और

5. राजधानी रांची समेत राज्य भर में गर्म हवाओं से राहत की उम्मीद नहीं, मौसम विभाग ने जारी की 30 अप्रैल तक लू चलने की चेतावनी।

********************

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए झारखंड में तीन सीटों चतरा, कोडरमा और हजारीबाग संसदीय सीट के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरु हो गई। पहले दिन चतरा संसदीय सीट से एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह और एक निर्दलीय प्रत्याशी ने अपनी नामजदगी का पर्चा भरा। श्री सिंह के नामांकन कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी भी शामिल हुए। कालीचरण सिंह ने नामांकन से पहले रोड शो भी किया। मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी मौजूद रहे। इससे पहले पत्रकारों से बाचीत में श्री मरांडी और श्री बाउरी ने दावा किया कि इस बार एनडीए को पूरे देश में चार सौ से ज्यादा सीटें प्राप्त होंगी।

********************

उधर कोडरमा संसदीय सीट से भी आज एक निर्दलीय प्रत्याशी आशीष कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया। गिरिडीह के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेस लकड़ा ने कोडरमा संसदीय सीट और गांडेय विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी होने की जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए तैयार है। मौके पर मौजूद पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा की व्यापक तैयारी की गयी है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील बूथों पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की जायेगी।

********************

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिले में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर मीडिया को चुनाव तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस चरण में तीन मई तक प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे, जबकि चार मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और छह मई तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। इस चरण के लिए 20 मई को वोट डाले जायेंगे।

********************

झारखंड में हो रहे लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच हुई। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रविकुमार ने बताया कि इस चरण में चार लोकसभा सीटों के लिए कुल पैंसठ उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया था, जिनमें से सैंतालीस वैध पाये गये। उन्होंने बताया कि सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए अब 14 लोहरदगा, लोकसभा के लिए 15, पलामू के लिए 11 और खूंटी लोकसभा सीट के लिए 7 प्रत्याशियों के नामांकन का पर्चा सही पाया गया।

********************

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज तेज मतदान होने की खबर है। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर की 88 संसदीय सीटों पर वोट डाले गये। कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा। इनमें केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, वी0 मुरलीधरण और राजीव चन्द्रशेखर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी, अरूण गोविल, सुरेश गोपी तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शशि थरूर और पप्पू यादव प्रमुख हैं।

********************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर की है। इसकी सुनवाई 29 अप्रैल को होगी। श्री सोरेन की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बुधवार को इस पर तत्काल सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजीव खन्ना से आग्रह किया था। एसएलपी में कहा गया है कि झारखंड उच्च न्यायालय ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देनेवाली याचिका 28 फरवरी को बहस पूरी होने के बाजवूद अभी तक उनकी याचिका पर फैसला नहीं सुनाया है।

********************

टाटा स्टील यूआइएसएल के सहयोग से साकची में पहला फुट ओवरब्रिज बन रहा है।

रांची में वाहन जांच के दौरान मोराबादी टीओपी पुलिस ने चोरी की मोटरसाईकिल के साथ मकान मालिक, किरायेदार और पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। रांची के नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी की दो मोटरसाईकिल बरामद किया गया है।

********************

सर्वोच्च न्यायालय में आज झारखंड टेट पास अभ्यर्थी की ओर से सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास और पड़ोसी राज्य से टेट पास अभ्यर्थी को शामिल करने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जेके महेश्वरी और न्यायाधीश संजय करोल की खंडपीठ ने राज्य सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी को निर्देश दिया कि न्यायालय की अनुमति के बगैर सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का परिणाम जारी नहीं कर सकती है, क्योंकि यह मामला अभी सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है।

********************

लोकसभा चुनाव को लेकर रांची में वाहन जांच अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में आज लोअर बाजार थाना क्षेत्र से अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरोह से संबंध रखने वाले चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। रांची के सिटी एसपी

राजकुमार मेहता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार खादगढ़ा बस स्टैंड से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 43 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया गया है।

********************

धनबाद में लंबे समय बाद कोरोना का मामला सामने आया है। जिले के एक बीसीसीएल कर्मी को कैंसर के लक्षण के बाद कोलकाता में भर्ती कराया गया था, जहां कोविड जांच में वह पॉजिटिव पाए गए। धनबाद के सिविल सर्जन डा. सीबी प्रतापन ने इसकी पुष्टि की है। इधर, महामारी रोग नियंत्रण विभाग के पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि मरीज में कोरोना के लक्षण पाए गए हैं। इसके साथ ही मरीज की ट्रेसिंग शुरू कर दी गयी है।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में गर्म हवाओं से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने 30 अप्रैल तक राजधानी रांची समेत राज्य के खूंटी, पश्चिमी तथा पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज, पलामू और गढ़वा में हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा सकती है। उन्होंने हीट वेव और भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों को ऐहतियात बरतने की सलाह दी है।

*******समाप्त*******